राष्ट्रीय मतदाता दिवस व स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान

(25-01-2019)

एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय के छात्र परिषद, छात्र कल्याण परिषद, एन.एस.एस. ईकाई एवं नगर निगम, इलाहाबाद के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 25.01.2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक करने हेतु व निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिये प्रेरित करते हुये शपथ दिलायी गई। इसके साथ–साथ लगभग 500 छात्राओं ने 'हमें मतदाता होने पर गर्व है, कोई मतदाता छुटे ना, छुटे ना' व 'मतदान हमारा अधिकार है' का नारा लगाते हुये मीरापुर, अतरसुईया के मोहल्लों में प्रभात फेरी निकालते हुये मतदान हेतु नागरिकों को जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त श्रीमती ऋतु सुहास ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रयागराज को स्वच्छ बनाने में नगर के प्रत्येक नागरिक का योगदान आपेक्षित है। उन्होंने छात्राओं को इस क्षेत्र में सहयोग देने के लिये संकल्प दिलाया और स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 के लिये छात्राओं से ऑनलाइन प्रतिक्रिया दर्ज करवायी गई।

अतिथियों का स्वागत प्राचार्या प्रो. लालिमा सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मंजरी शुक्ला व कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिव शंकर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अवधेश यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एस.के गुप्ता, अश्विनी कुमार, अमित कुमार भारद्वाज, कमलेश कुमार पाण्डेय व एस.एस. खन्ना महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं गैर शैक्षणिक सदस्य उपस्थित रहे।

छात्र कल्याण परिषद
छात्र परिषद

छात्र परिषद

छात्र परिषद
राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2019
कोई मतदाता न छूटे
No Voters' To Be Left Behind
राष्ट्रीय मतदाता दिवस
National Voters' Day 2019
(विजय शंकर दूबे)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
(सैमुअल पॉल एन.)
मुख्य विकास अधिकारी/
(सुहास एल.वाई.)
जिलाधिकारी/